हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024

11 आढ़तियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर जताया रोष



12 वर्कशॉप बंद करने के खिलाफ सड़कों पर उतरे रोडवेजकर्मी



## खबर संक्षेप

### भट्टूकलां से युवती लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां से एक युवती के लापता होने का समाचार है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में सिरसा जिले के गांव नेजिया खेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 18 वर्षीय लड़की 4 दिन पहले शिव कालोनी भट्टूकलां में उसके साढू के घर आई हुई थी। दोपहर को वह यहां से बिना किसी को बताए कहीं चली गई है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। भट्टूकलां पुलिस ने इस बारे केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### रतिया शहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने गत दिवस रतिया शहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में ढाणी जाखनदादी निवासी रोहताश ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से रतिया गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को रतिया में एक्सिस बैंक के बाहर खड़ा किया और बैंक में चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब मोटरसाइकिल बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। रतिया पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### टोहाना में युवक पर्स छीनकर हुआ फरार

**फतेहाबाद।** टोहाना में एक व्यक्ति से युवक पर्स छीनकर फरार हो गया। इस बारे पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव धारसूल निवासी मिठू ने कहा है कि वह अपने मकान का गेट लेने के लिए टोहाना गया था। वह टोहाना में गुगामेड़ी पर उतरा और वहां चाय पीने लग गया। चाय पीने के बाद जब उसने दुकानदार को पैसे देने के लिए अपना पर्स निकाला तो इसी दौरान वहां खड़े एक युवक ने उसके हाथ से उसका पर्स छीन लिया और मौके से भाग गया। उसने युवक का पीछा भी किया लेकिन युवक भागने में कामयाब रहा। मिठू ने बताया कि उसकी पर्स में 10 हजार रुपये थे।

### गोदाम से लाखों का ग्वार चोरी

**सिरसा।** शहर के इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक गोदाम से चोर लाखों रुपए का ग्वार चोरी कर ले गए। पुलिस को दिए बयानों में सी ब्लॉक निवासी हरीश गुप्ता ने बताया कि उसकी अनाज मंडी में दुकान है। उसका इंडस्ट्रियल एरिया में गोदाम है, जहां उसने ग्वार का स्टॉक किया हुआ था। उसने बताया कि गोदाम में ग्वार की 210 से 220 बोरियां रखी हुई थी। बीती 3 अप्रेल की सुबह जब वह गोदाम में गया तो देखा कि गोदाम के ताले टूटे पड़े हैं। अंदर जाकर देखा तो ग्वार की बोरियां गायब मिली। अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिस पर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

### सिरसा कोर्ट पार्किंग से बाइक ले उड़े चोरी

**सिरसा।** कोर्ट परिसर की पार्किंग में काम से आए व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो गया। पुलिस को दिए बयानों में गांव पतली डाबर निवासी शे ार ने बताया कि बीती 1 अप्रैल की सुबह साढ़े 11 बजे वह कोर्ट परिसर में किसी काम से आया था। इसी दौरान उसने अपना बाइक पार्किंग में खड़ी की थी। कुछ समय बाद आया तो बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसपर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने केस दर्जकर कार्रवाई शुरू की है।

### छात्राएं बोली : बिल्डिंग पर करोड़ों रुपये खर्च, बैठने के लिए बेंच तक नहीं

# करोड़ों से बना दिया चार मंजिला स्कूल टाट पर लग रही बेटियों की क्लास

शिक्षा विभाग या उसके अधिकारियों के संज्ञान में है मामला, परन्तु बेंच की व्यवस्था अभी तक नहीं की गई।



**जाखल।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नीचे टाट पर बैठकर पढ़ती छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल

खंड के जाखल में करोड़ों रुपये खर्च कर सरकार ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की एक ऑलीशान बिल्डिंग आज से दो वर्ष पूर्व तैयार कर शिक्षा विभाग को सौंप दी थी, परन्तु विद्यार्थियों की सबसे बड़ी मूलभुत सुविधा के लिए छात्राएं आज भी तरस रही है। छात्राएं अभी तक टाट पर ही बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए बेंच तक उपलब्ध नहीं करवाए गए है। ऐसा नहीं है कि शिक्षा विभाग या उसके अधिकारियों के संज्ञान में यह मामला नहीं है। खुद प्रिंसिपल भी समय-समय पर पत्र लिखकर बेंच उपलब्ध करवाने की मांग कर चुके हैं, परन्तु बेंच की व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखल में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने संबंधी योजनाएं मात्र कागजी खानापूर्ति बनकर रह गई हैं।

हैरानीजनक बात यह है कि जब से भवन शुरू हुआ है, तब से अभी तक बेंच नहीं भेजे गए हैं। इस कारण दो साल से छठी से लेकर 12वीं कक्षा तक की छात्राएं टाट पर बैठ कर ही पढ़ाई कर रही हैं। छात्राओं ने बताया कि नीचे पढ़कर पढ़ाई करने में परेशानी होती है। बिल्डिंग तो अच्छी बना दी है, लेकिन बेंच नहीं देने से दिक्कत हो रही है। खासकर, सर्दी के मौसम में नीचे बैठकर पढ़ना मुसीबत से कम नहीं है। छात्राओं का कहना है कि जब करोड़ों रुपये खर्च करके बिल्डिंग बना दी तो थोड़े पैसे और खर्च करके बेंच भी उपलब्ध करवा देने चाहिए।

#### दो साल से बेंच का इंतजार कर रहीं छात्राएं

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की इस बिल्डिंग का उद्घाटन प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनहोर लाल ने 4 सितम्बर 2022 को किया था। उस समय छात्राओं को इस आलीशान बिल्डिंग मिलने से अधिक ख़ुशी हुई थी, परन्तु आज समस्या से जूझ रही छात्राओं की आंखों में मायूसी छाई हुई है। छात्राएं पिछले दो वर्ष से अपने बैठने के लिए बेंच का इंतजार कर रही है। छात्राओं को नीचे बैठकर पड़ने में सबसे 'यादा दिक्कत का सामना करना पड़ता है। सवाल यह उठता है कि सरकार कब तक इन छात्राओं के दुःख को देखते हुए इस स्कूल में बेंच उपलब्द करवाती है।

#### यह कहते हैं प्रिंसिपल

*स्कूल में छात्राओं के लिए स्कूल में बेंच नहीं है, इसलिए उन्हें टाट पर बैठकर पढ़ना पड़ता है। छात्राओं की संख्या के अनुसार हमने बेंच उपलब्ध करवाने के लिए मांग विभाग को भेजी हुई है, लेकिन वह अभी तक पूरी होकर नहीं आई है। उन्होंने कहा कि यह काम हाई परचेज कमेटी का काम है, अगर यह कार्य स्कूल के अधीन होता तो हम कब से यह काम करवा देते। हमने विभाग को करीब 250 बेंच की डिमांड भेजी हुई है।*

*-राममेहर सिंह, प्रिंसिपल, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जाखल*



**सिरसा।** जाट धर्मशाला में बैठक के बाद एकत्रित किसान।

## एसकेएम के आह्वान पर 7 को भाजपा के पुतले फूंकेगे

- पूरे देश में जिला मुख्यालयों पर रोष मार्च निकाले जाएंगे
- किसानों पर अत्याचार की सभी हदें पार की सरकार ने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

एसकेएम व किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर 7 अप्रैल को भाजपा सरकार के पुतले फूंके जाएंगे। यह जानकारी भारतीय किसान एकता के प्रधान लखविंद्र सिंह ने जाट धर्मशाला में किसानों की बैठक के बाद पत्रकारों को दी। लखविंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने शंभू और खनौरी बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर गोलियां चलाई, जिससे एक किसान की मौत हो गई और सैकड़ों किसानों को घायल किया, किसानों के कैंप में घुसकर उनके ट्रैक्टर व गाडियां तोड़ी गई। किसानों पर अत्याचार की सभी हदें पार करते हुए आंदोलन को कुचलने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने तीन किसान साथियों अनीश खटकड़, नवदीप जलवेड़ा व गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार करके जेलों में बंद कर रखा है, अगर उन्हें रिहा नहीं किया जाता तो 7 अप्रैल को पूरे देश में जिला मुख्यालयों पर रोष मार्च निकालते हुए भाजपा सरकार के पुतले फूंके जाएंगे। इसी के चलते 7 अप्रैल को किसान सिरसा के नेहरू पार्क में इकट्ठे होंगे, जो बाजारों से रोष मार्च निकालते हुए लाल बत्ती चौक पर भाजपा सरकार का पुतला फूंकेंगे। इस अवसर पर भरत गोदारा, विनोद जान्दू, पवन जोधपुरिया, अग्रेज सिंह कोटली, गुरलाल सिंह मीडिया प्रभारी, नर्मिल हूंदल प्रताप नगर, गुरजीत सिंह फूलकां, भिंदा काहलो, मुखराम खारिया, सुरजीत, कश्मीर लाल बरुवाली, कुलतार पंजूआना, महावीर गुडियाखेड़ा, सरदूल सिंह मोरीवाला, सुखराज रघुआना, शिरा फग्गू उपस्थित थे।

## बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें : प्रो. पुनीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** एमएम बीएड कॉलेज में योगाभ्यास करते विद्यार्थी।

बदलते मौसम में विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में स्पोर्ट्स एवं योगा क्लब की तरफ से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब इंचार्ज प्रो. पुनीत सहारण के नेतृत्व में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सर्वप्रथम विद्यार्थियों को योग आसनों का अभ्यास करवाते हुए कहा कि विद्यार्थी योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा जरूर बनाएं। नियमित रूप से योग करके हम विभिन्न तरह की बीमारियों से शरीर का बचाव कर सकते हैं। इसके अलावा विद्यार्थियों को पर्सनल हाईजीन और हेल्थ केयर के बारे में भी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि इन दिनों मौसम में काफी परिवर्तन हो रहा है। दिन में तेज गर्मी और रात को हल्की ठंडक के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर इसका विपरीत असर पड़ रहा है। प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने विद्यार्थियों कहा कि बदलते मौसम में हम कुछ विशेष सावधानियां बरतकर बीमारियों से बच सकते हैं। उन्होंने वहरी सब्जियों व फलों को अपनी डाइट में शामिल करने की बात कही।

## बड़ोपल में नशा बेचने वालों पर लगेगा जुर्माना

- ग्राम पंचायत की पहल, 21 हजार का जुर्माने का फैसला लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गांव बड़ोपल में ग्रामीणों से बातचीत करते एडीजीपी कार्यालय के प्रवक्ता व अभियान के नोडल अधिकारी सज्जन कुमार।

क्षेत्र में बढ़ते मेडिकल नशे की लत को देखते हुए अब ग्राम पंचायत भी जागरूक हो रही हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे ड्रग फ्री अभियान में भागीदारी करते हुए गांव बड़ोपल की पंचायत ने निर्णय लिया है कि गांव में जितने भी मेडिकल स्टोर हैं या कोई भी डॉक्टर किसी भी प्रकार की नशीली दवाओं को अगर बेचता हुआ मिला तो ग्राम पंचायत द्वारा उस पर 21 हजार रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। बता दें कि एडीजीपी हिसार मंडल डॉ. एम रवि किरण के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा हिसार मंडल में ड्रग फ्री अभियान चलाया जा रही है। इसी के तहत नशा मुक्ति टीम ने गांव बड़ोपल में डोर टू डोर सर्वे कर अब तक 35 ऐसे युवाओं की पहचान की है, जो ड्रग की लत से प्रभावित हैं। आज एडीजीपी कार्यालय के प्रवक्ता व अभियान के नोडल अधिकारी सज्जन कुमार ने टीम के साथ गांव बड़ोपल का दौरा किया तथा ग्राम पंचायत व नशा मुक्ति अभियान के तहत गठित कमेटी के सदस्यों और गांव के मौजिज व्यक्तियों से मिलकर गांव को ड्रग मुक्त करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों व ग्राम पंचायत की भूमिका बारे चर्चा की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत व नशा मुक्ति कमेटी ने एकमत होकर घोषणा की कि गांव में जितने भी मेडिकल स्टोर हैं, या कोई भी डॉक्टर किसी भी प्रकार की नशीली दवाओं को अगर कोई बेचता हुआ मिला तो ग्राम पंचायत 21 हजार जुर्माना करेगी। एडीजीपी कार्यालय के प्रवक्ता एवं अभियान के नोडल अधिकारी ने अगले सप्ताह गांव में लगने वाले कैंप के लिए स्थान का निरीक्षण किया। टीम प्रभारी उप निरीक्षक सुंदरलाल ने बताया कि अभी तक 35 युवाओं की पहचान की गई है, जिनमे गांव में करीब 20 युवा चिट्टा से प्रभावित हैं। सभी की काउंसलिंग करवाई जा चुकी है। अगले सप्ताह गांव में लगने वाले मेडिकल कैंप में सभी का उपचार शुरू करवाया जाएगा। गांव में अभी सर्वे अभियान जारी रहेगा।

## सात फुट नीचे पलटी फॉर्च्यूनर, चार घायल

- रतिया से फतेहाबाद आते समय हुआ हादसा
- अनियंत्रित होकर सड़क से उतरने के बाद ट्रांसफार्मर से टकराई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** सिरसा रोड बाइपास पर पलटी फॉर्च्यूनर कार।

सिरसा रोड बाईपास के रतिया मोड पर वीरवार को एक फॉर्च्यूनर कार पलट गई। गाड़ी रोड से उतर कर पहले एक ट्रांसफार्मर से टकराई और फिर खेतों में पलट गई। दुर्घटना में ट्रांसफार्मर के खंभे तक टूट गए, लेकिन गनीमत रही कि कार सवार 4 लोग बाल-बाल बच गए। चारों को हल्की फुल्की चोटें लगी हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फतेहाबाद के गौरव नामक शख्स अपने दो-तीन दोस्तों के साथ रतिया रोड से फॉर्च्यूनर पर फतेहाबाद की तरफ आ रहा था। सिरसा-हिसार बाईपास पर वह बाईपास पर चढ़ा ही था कि सर्विस लेन से गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क से 7 फीट नीचे उतर कर पलट गई। वहां रोड किनारे पर ही स्थित एक ढाणी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। गाड़ी की टक्कर से ट्रांसफार्मर के खंभे भी टूट गए और ट्रांसफार्मर नीचे आ गिरा। युवक गाड़ी की टक्कर लगने, गाड़ी पलटने और फिर ट्रांसफार्मर के करंट से भी बाल-बाल बच गए। आसपास के लोगों ने बताया कि गाड़ी सवार को हल्की फुलकी चोटें लगी थी, जिस पर उन्होंने अपनी निजी गाड़ी को बुलाया और वहां से चले गए।

## लुधियाना एक्स. का समय बदलव की मांग

- राजकुमार डूमरा ने रेल मंत्री अश्विनी कुमार को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

सिरसा स्टेशन से लुधियाना एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 04572-73 के समय में बदलाव की मांग को लेकर डॉ. राजकुमार डूमरा ने रेलवे मंत्री अश्विनी कुमार को पुनः एक पत्र भेजा है। रेलवे मंत्री को दिए पत्र में डॉ. डूमरा ने बताया कि लुधियाना एक्सप्रेस सिरसा स्टेशन पर सुबह 10 बजकर 35 मिनट पर आ जाती है। इस गाड़ी को वापस 1 बजकर 15 मिनट पर हिसार के लिए रवाना किया जाता है, जोकि काफी लेट है। सिरसा से हिसार की तरफ जाने के लिए पहले सुबह 2 बजकर 55 मिनट पर सिरसा एक्सप्रैस चलती है, उसके बाद किसान एक्सप्रैस सिरसा से 6 बजकर 20 मिनट पर रवाना होती है। इसके बाद ऐसी कोई गाड़ी नहीं है, जो सिरसा भिवानी, रेवाड़ी, रोहतक और दिल्ली जाने के लिए हो। इसके बाद सिरसा से लुधियाना एक्सप्रैस यहां से 1 बजकर 15 मिनट पर हिसार के लिए रवाना की जाती है। उसके बाद यह गाड़ी हिसार से धुरी होती हुई लुधियाना को चली जाती है। डा. डूमरा ने बताया कि सुबह 6 बजकर 20 मिनट से लेकर 1 बजकर 15 मिनट तक बीच में हिसार या आगे जाने के लिए कोई गाड़ी नहीं है। उन्होंने रेलवे मंत्री से मांग की है कि उक्त गाड़ी को सिरसा से सुबह 11 बजे से सवा 11 बजे के बीच चलाया जाए।

### भाजपा प्रत्याशी के विरोध में शामिल कार्यकर्ता 6 साल के लिए निष्कासित

**फतेहाबाद।** पिछले दिनों रतिया क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए आए भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर का विरोध करने और उनके खिलाफ नारेबाजी करवाने में भाजपा के अपने लोग ही शामिल थे। इसका खुलासा खुद भाजपा जिला इकाई ने किया है। भाजपा के जिला अध्यक्ष स. बलदेव सिंह ग्रोहा ने आज पत्र जारी कर नागपुर मंडल के अलीका निवासी सुरजीत सिंह लालका को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते 6 वर्ष के लिए निष्काषित कर दिया है। पार्टी जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि 3 अप्रैल को गांव अलीका में पार्टी उम्मीदवार अशोक तंवर के खिलाफ नौजवान सभा व कम्युनिस्ट कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी विरोधी नारे लगवाने में शामिल था। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने इसको लेकर जिला इकाई को शिकायत की गई थी।

### बिजली निगम में नए भर्ती एएलएम और एसए के लिए एमएम कॉलेज में लगा ट्रेनिंग शिविर

## बिजली क्षेत्र में लापरवाही की गुंजाइश ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद





**फतेहाबाद।** ट्रेनिंग शिविर को संबोधित करते डायरेक्टर बीएस मान, ट्रेनिंग शिविर में ईमानदारी से काम करने की शपथ लेते नए भर्ती एएलएम व एसए।

विद्युत निगमों के हरियाणा पॉवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर बीएस मान ने कहा कि अक्सर गलतियों से लोग सीखते हैं लेकिन बिजली निगम में गलती का मतलब सीधे मौत होता है। हमसे किसी भी परिस्थिति में गलती हुई तो उसका पश्चाताप भी हम नहीं कर पाएंगे। इसलिए हर काम को अहतियात व सजग होकर करना ही हमारी प्राथमिकता है। बीएस मान वीरवार को एमएम कॉलेज के सभागार में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम सर्कल फतेहाबाद में नए भर्ती हुए करीब 200 एएलएम और एसए को इलेक्ट्रिक सेफ्टी, सुरक्षा उपकरणों का उपयोग व बिजली सम्बंधी काम करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के संदर्भ में दी जा रही ट्रेनिंग सेशन को बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन होगा। यह कार्यक्रम विशेष रूप से 33 केवी व 11 केवी लाइन के रखरखाव को लेकर आयोजित किया गया है। डायरेक्टर बीएस मान ने कहा कि आप अपने काम को हलके में नहीं ले सकते। कोई भी नया भर्ती कर्मचारी अगर अपने काम के प्रति सजग है और इमानदारी से काम कर रहा है तो निगम के साथ-साथ गांव व जिले के लिए भी गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि यह बात मन में ठान लें कि अगर आप एक फीडर या ट्रांसफार्मर के आसपास खड़े हैं और चौकस हैं तो दुर्घटना होने की कोई संभावना नहीं है। अगर आप वहां मौजूद होकर भी लापरवाह हैं तो दुर्घटना होना तय है। कार्यक्रम का संचालन जेई कृष्ण कुमार ने किया। इस अवसर पर फतेहाबाद के एसई एसएस राय व अन्य मौजूद रहे।

कहानी / हरीश कुमार 'अमित'

# मीठी ईद की खुशियां

सलीम के साथ क्रिकेट खेलने वाला दानिश बहुत ही गरीब परिवार का था। ईद आई तो सलीम को चिंता हुई दानिश कैसे ईद की खुशियां मनाएगा? उसने यह बात अपने अब्बा-अम्मी से साझा की। क्या उन्हें भी दानिश की चिंता हुई? क्या दानिश मीठी ईद की खुशियां मना पाया या उसकी ईद अपनी गरीबी में फीकी रही?



अब्बा शाम को दफ्तर से घर लौटे ही थे कि सलीम भी बाहर से खेलकर आ गया। उसके हाथ में क्रिकेट का बैट था। वह हर रोज शाम के समय आस-पास के बच्चों के साथ मैदान में क्रिकेट खेलता है। सलीम ने सुना कि अब्बा ईद की खरीदारी के बारे में अम्मी से बात कर रहे हैं। वह वहीं पास खड़ा होकर उन दोनों की बातें सुनने लगा। कुछ देर बाद सलीम थोड़ा झिझकते हुए बोला, 'अब्बा, मैं कुछ कहना चाहता हूं।'

'हां, बोलो बेटा।' अब्बा बोले।

'अब्बा, हम बच्चे शाम को क्रिकेट खेलते हैं न...।' सलीम कहते-कहते रुक गया।

'हां..हां... बताओ बेटा, क्या बात है?' अम्मी ने प्यार से पूछा।

'जब हम क्रिकेट खेलते हैं तो वहां हमारे साथ दानिश नाम का एक बच्चा भी खेलता है।' सलीम यह कह ही रहा था कि अब्बा बोले, 'वही दानिश न जो रन बनाता जाता है और जल्दी आउट नहीं होता।'

उधर से अम्मी भी बोलीं, 'इसी दानिश के बारे में तो तुम बताते रहते हो कि वह बड़ा गरीब है, उसकी अम्मी भी पिछले साल बीमारी से गुजर गई थीं।'

'हां, वही दानिश। उसके अब्बू किराए पर रिक्शा चलाते हैं। उन लोगों का घर भी टूटा-फूटा-सा है।' सलीम ने बताया।

अब्बा और अम्मी सलीम की बात बड़े ध्यान से सुन रहे थे।

'कल ईद का त्योहार है। हम लोग तो ईद पर नए कपड़े पहनेंगे, अच्छा-अच्छा खाना खाएंगे, पर दानिश कैसे ईद मनाएगा? वे लोग तो बड़े गरीब हैं। दानिश कह रहा था कि उसके अब्बू को हर रोज बस सौ-डेढ़ सौ रुपए की कमाई होती है। वे तो हर रोज की तरह कल भी सुबह-सुबह रिक्शा लेकर निकल जाएंगे। दानिश बेचारा कैसे ईद मनाएगा? क्या हम कुछ ऐसा नहीं कर सकते, जिससे वह भी हंसी-खुशी ईद मना सके?' सलीम की आवाज में चिंता का भाव था।

सलीम की बात सुनकर अब्बा और अम्मी कुछ सोचने लगे, फिर अब्बा बोले, 'बेटा, तुम चिंता मत करो। हम अभी ईद की खरीदारी करने के लिए बाजार जा रहे हैं। हम दानिश के लिए भी कुछ खरीद लेंगे।'

अब्बा की बात सुनकर अम्मी बोलीं, 'हम नए कपड़े खरीद लेंगे दानिश के लिए। तुम्हारे नाप के ही चल जाएंगे न?'

'अम्मी, कपड़े तो दानिश को मेरे ही नाप के चल जाएंगे, पर वह इस तरह किसी से कुछ लेता नहीं है, वह बहुत ही स्वाभिमानी लड़का है।' सलीम ने बताया।

यह सुनकर अब्बा कुछ देर सोचते रहे और फिर बोले, 'इसका भी एक तरीका सोच लिया है मैंने। आओ, अब बाजार चलते हैं।'

अगली सुबह अब्बा ने सलीम को कहा कि वह दानिश को बुला लाए। कुछ ही देर में दानिश आ गया तो अब्बा उससे बोले, 'बेटा दानिश, सुना है तुम बहुत बढ़िया क्रिकेट खेलते हो।'

'अंकल जी, क्रिकेट खेलना मुझे बहुत अच्छा लगता है। मैं पूरे जी-जान से खेलता हूं क्रिकेट।' दानिश ने जवाब दिया।

'लेकिन हमारे सलीम को तो बढ़िया क्रिकेट खेलना आता नहीं है। तुम सिखा सकते हो क्या इसे भी बढ़िया क्रिकेट खेलना? बन सकते हो क्या इसके क्रिकेट कोच?' अब्बा दानिश से बोले।

'मैं कैसे कोच बन सकता हूं अंकल जी! मैं तो अभी छोटा हूं।' दानिश हैरानी से बोला।

'क्यों नहीं बन सकते तुम इसके कोच! तुम इतना बढ़िया क्रिकेट खेलना जानते हो।' अब्बा ने कहा तो अम्मी बोलीं, 'दानिश बेटा, बन जाओ न सलीम के कोच।'

'बन जाओ न मेरे कोच!' सलीम भी मनुहार करते हुए दानिश से बोला। अब्बा, अम्मी और सलीम की बात सुनकर दानिश ने सलीम का कोच बनने की बात मान ली।

अब्बा अपने कमरे में गए और दानिश के लिए नए कपड़े लेकर आ गए। उन कपड़ों को दानिश को थमाते हुए बोले, 'बेटा, इन्हें अपनी कोच फीस के तौर पर रख लो।'

दानिश उन कपड़ों को लेने में झिझक रहा था। तभी अम्मी रसोई से बाहर झांकते हुए बोलीं, 'बेटा दानिश, इन कपड़ों पर तो तुम्हारा हक बनता है। तुम हमारे घर में ही नहा लो और ये नए कपड़े पहन लो।'

कुछ देर बाद सलीम और दानिश नए कपड़े पहनकर मजे से गर्मा-गर्म सिवइयां खा रहे थे। मीठी ईद की खुशियां पूरे घर में खुशबू की तरह फैली हुई थीं। *

त्योहार / शिवानी छाया

# आओ मिलकर मनाएं ईद

फरहान आजकल बहुत खुश और उत्साहित है। ईद आने में अभी कुछ दिन बाकी हैं, लेकिन उसके घर में अभी से ही चहल-पहल है। फरहान के घर में ईद की खरीदारी और अन्य तैयारियां जोर-शोर से हो रही हैं। शाश्वत भी ईद को लेकर बहुत उल्लासित है, क्योंकि पिछली बार की तरह इस बार भी उसे अपने पापा-मम्मी के साथ फरहान के घर ईद मिलने जाना है। फरहान भी अपने पापा के साथ होली में शाश्वत के घर होली मिलने आता है। मजे से होली के पकवान खाता है। उसे शाश्वत की मम्मी के हाथों से बनी गुझिया बहुत पसंद है।



फरहान के पापा और शाश्वत के पापा सालों से बहुत अच्छे दोस्त हैं। शाश्वत और फरहान एक ही स्कूल में क्लासमेट हैं। त्योहारों और फैमिली फंक्शंस में दोनों परिवारों का एक-दूसरे के घर आना-जाना रहता है। हर त्योहार की खुशियां साथ मनाते हैं।

पिछली ईद पर शाश्वत ने फरहान के घर खूब मजे किए थे। शाश्वत ने वहां सभी को 'ईद मुबारक' कहा, फरहान और उसके कजिंस से गले मिला था। फरहान के दुबई वाले चचाजान खिलौने लेकर आए थे, इन खिलौनों से शाश्वत, फरहान और उसके कजिंस देर तक खेलते रहे। शाश्वत को फरहान के मम्मी के हाथों से बनी मीठी सेवइयां खूब पसंद आई थीं। अम्मी ने सभी बच्चों के साथ शाश्वत को भी 'ईदी' दी थी।

'पिछली बार की तरह इस बार भी ईद पर खूब एंज्वॉय करेंगे।' यह सोचकर शाश्वत मन ही मन में बहुत खुश था। इस बार तो शाश्वत ने अपने हाथों से फरहान के लिए 'ईद मुबारक' का कलरफुल ग्रीटिंग-कार्ड बनाया है। फरहान और शाश्वत दोनों को ही बेसब्री से ईद का इंतजार है।

प्यारे बच्चों, फरहान और शाश्वत का ईद के प्रति उत्साह देखकर तुम्हें बहुत अच्छा लग रहा है न! ईद है ही ऐसा त्योहार! यह रमजान का पाक महीना पूरा होने पर मनाया जाता है। यह त्योहार हमें दया, करुणा, स्नेह और सौहार्द का संदेश देता है। अमन का पैगाम देता, प्रेम-भाईचारे और खुशियों का त्योहार है ईद।

बच्चों, तुम्हारे या तुम्हारे दोस्तों के घर में भी ईद की तैयारी जोर-शोर से चल रही होगी। तुम सब अपने परिवार और दोस्तों के साथ खूब अच्छे से ईद-उल-फितर मनाना। अगर तुम्हारे घर में ईद नहीं मनाई जाती है तो तुम भी शाश्वत की तरह अपने किसी दोस्त के घर ईद मनाने चले जाना। यदि दोस्त का घर तुम्हारे घर से बहुत दूर है तो ऐसे में तुम अपने दोस्त को फोन करके ईद की बधाई जरूर देना। तुम सभी को ईद की बधाई.. ईद मुबारक...! *

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## ईद मुबारक


नया चांद दिखता, तब आती ईद है।
मीठी सेवई हमें खिलाती ईद है।
वह इंसान नहीं है, जो खुदगर्ज है।
दुनिया खुश हो, यही हमारा फर्ज है।
जो गरीब हैं, उनको धन का दान दें।
दें उनको पकवान, नए परिधान दें।
कपड़े नए हमें दिलवाती ईद है।
हम बच्चों को बहुत लुभाती ईद है।
भाईचारा और सभी का साथ हो।
गले मिलें हम और हाथों में हाथ हो।



सब में तोहफों का आदान-प्रदान हो।
प्यार बढ़े, नफरत का हमें न ध्यान हो।
खुशियों के परचम लहराती ईद है।
ईद मुबारक! कहती, आती ईद है।

## जीके क्विज-98

1. हाल में चरण सिंह को (मरणोपरांत) कौन सा सम्मान प्रदान किया गया?
2. महात्मा गांधी को सबसे पहले 'राष्ट्रपिता' कहकर किसने संबोधित किया था?
3. हाल में ही नेशनल इनवेस्टिगेशन एजेंसी का महानिदेशक किसे नियुक्त किया गया?
4. स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल कौन थे?
5. विश्व का सबसे ऊंचा ज्वालामुखी पर्वत कौन-सा है?
6. जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल का क्या नाम है?
7. खाने वाले नमक में क्लोराइड के अलावा कौन-सा तत्व मौजूद होता है?
8. मानव शरीर की सबसे लंबी अस्थि कौन-सी होती है?
9. 'इंडिया विंस फ्रीडम' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
10. भारतीय हीरा संस्थान किस राज्य के किस शहर में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-98 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज 97 का सही उत्तर :** 1-भूटान, 2-हरिवंश, 3-इंडियन प्रीमियर लीग, 4-गंगटोक, 5-लोहा, 6-पत्ती, 7-मंगोलिया, 8-विटामिन सी, 9-शाहजहां, 10-भौतिक विज्ञान

**जीके क्विज 97 का सही उत्तर भेजने वाले :** आकांक्षा-अहमदाबाद, नितिन कुमार-दुर्ग, सरबजीत-करनाल, कबीर-हिसार, ईशान-अहमदाबाद, ज्योति-दंतेवाड़ा, पवन-जींद, आयुषी-रायपुर, प्रतीक-जबलपुर, अवंतिका-रोहतक, राजू-कोरबा, प्रेरणा-नारनौल, कपिल-दिल्ली, आदित्य-भोपाल

## हंसगुल्ले

**मम्मी:** रिंकू, तुमने दूध वाले का बिल देखा है?
**रिंकू:** मम्मी, क्या दूध वाले अंकल बिल में रहते हैं?
**-सोनी, हिसार**

**टीचर:** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**सौरभ:** लेकिन सर, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
**-अभिजीत, डोंगरगढ़**

**डॉक्टर:** तुम घबरा क्यों रहे हो? अब तो तुम खतरे से बाहर हो।
**राजेश:** डॉक्टर साहब, जिस ट्रक से मैं टकराया था, उसके पीछे लिखा था- 'फिर मिलेंगे।'
**-अर्नव, भोपाल**

**टीचर:** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहन:** सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
**-मुकुल, भिलाई**



अवेयरनेस
अनुराग मनींद्र

स्पेशलः वर्ल्ड हेल्थ-डे, 7 अप्रैल

बच्चों, हर साल 7 अप्रैल को 'वर्ल्ड हेल्थ-डे' मनाया जाता है। लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। जानो, वर्ल्ड हेल्थ-डे से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें।

# हेल्थ इज वेल्थ

हम स्वस्थ रहने पर ही खुश रह सकते हैं। अस्वस्थ रहने पर कभी खुश नहीं रह सकते, क्योंकि हमें कई तरह की तकलीफें हो जाती हैं, ऐसे में मन दुखी-उदास रहता है। इसलिए हमारा स्वस्थ रहना, इसके प्रति जागरुकता बहुत जरूरी है। लोगों का जीवन स्वस्थ रहे, इसके लिए 7 अप्रैल 1948 को वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना की गई। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन को हम हिंदी में बोलते हैं-विश्व स्वास्थ्य संगठन। इस संगठन की स्थापना इस उद्देश्य से की गई थी कि दुनिया भर के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं बेहतर ढंग से मिलें। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के दूसरी वर्षगांठ पर, 7 अप्रैल 1950 को पहली बार 'वर्ल्ड हेल्थ-डे' मनाया गया था। इसके बाद से इसे हर साल 7 अप्रैल को मनाया जाता है।

**हर साल रहती है एक थीम :** हर साल विश्व स्वास्थ्य दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। यह थीम विभिन्न




स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों, स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारकों और स्वास्थ्य संबंधी लक्ष्यों के आधार पर तय की जाती है। साल 2024 के लिए 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' की थीम 'माइ हेल्थ, माइ राइट' (मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार) निर्धारित की गई है।

**जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन:** लोगों को स्वास्थ्य संबंधी बातों के प्रति





जागरूक करने के उद्देश्य से डब्ल्यूएचओ और अन्य सरकारी, गैर-सरकारी संगठनों द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, संस्थानों में भाषण प्रतियोगिताएं, निबंध लेखन, नाटक जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही इन कार्यक्रमों में कई बार हेल्थ एक्सपर्ट्स को भी आमंत्रित किया जाता है, जो लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह देते हैं।



**अपनाओ हेल्दी फूड हैबिट्स :** बच्चों, स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है तुम जंक फूड से दूर रहो, हेल्दी फूड खाओ। बहुत से बच्चे जंक फूड्स और बाजार में बिकने वाले स्ट्रीट फूड्स बहुत ज्यादा खाते हैं। जंक फूड्स बनाने में कई तरह के हानिकारक रसायनों का प्रयोग किया जाता है। जंक फूड्स स्वादिष्ट जरूर होते हैं, लेकिन इसका दुष्प्रभाव सीधा हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसलिए जितना हो सके, जंक फूड्स से दूर रहो। घर में बने ताजे और हेल्दी फूड्स ही खाओ।

**खेलो फिजिकल एक्टिविटीज वाले गेम्स :** आजकल ज्यादातर बच्चे वीडियो गेम्स खेलना पसंद करते हैं। पढ़ाई के बाद उनका समय लैपटॉप, मोबाइल या टीवी स्क्रीन पर ही बीतता है। बच्चों, इस तरह की आदतें तुम्हारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सही नहीं हैं।



इसलिए तुम्हें इनडोर गेम्स के बजाय अपनी पसंद का कोई आउटडोर गेम, जैसे- क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, हॉकी या वॉलीबॉल वगैरह खेलना चाहिए। इसके अलावा तुमको जॉगिंग, रनिंग या फिर साइक्लिंग जैसी आउटडोर एक्टिविटीज भी करनी चाहिए। आउटडोर एक्टिविटीज तुम्हारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी हैं।

**स्वच्छता का रखो ध्यान :** बच्चों, गंदे वातावरण में स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले बैक्टीरिया और वायरस पनपने का खतरा रहता है। इसलिए अपने घर में और आस-पास स्वच्छता का ध्यान रखो, साथ ही दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करो। हर बार खाने से पहले साबुन से हाथ जरूर धो या फिर हाथों को अच्छे से सैनिटाइज करो।

**स्वास्थ्य के प्रति हमेशा रहो जागरूक :** बच्चों, तुमने यह प्रचलित कहावत 'हेल्थ इज वेल्थ' तो जरूर सुनी होगी! बच्चों, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। अगर तुम शारीरिक रूप से स्वस्थ रहोगे तो तुम्हारा मस्तिष्क भी अच्छे से क्रियाशील रहेगा। इससे तुम पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी अच्छा परफॉर्म कर सकोगे। इसलिए तुम्हें अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखना चाहिए। साथ ही तुम्हें अपने दोस्तों और छोटे भाई-बहनों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। *

## शब्द पहेली

विमला नागला

बच्चों, इस शब्द पहेली में रिक्त स्थानों पर एकदम सटीक शब्द तुम्हें भरना है। यह भी बता दें कि इसमें भरे जाने वाले शब्द 'सु' या 'सू' से प्रारंभ होते हैं।

**रविवार का** दिन था। दादाजी और दिव्यू...जल्दी ही बड़े तालाब के किनारे घूमने आ गए। धीरे-धीरे.....निकल रहा था। तालाब के किनारे भिन्न-भिन्न रंगों के.....खिले हुए थे। उनमें से भीनी-भीनी.....आ रही थी। वहां एक.....का



फूल खिला हुआ था, जिसका मुंह हमेशा सूरज की दिशा में घूम जाता है। आज मौसम बहुत.....था। अचानक कोयल की.....आवाज सुनाई दी। यह सुनकर दोनों बहुत खुश हुए। बगीचे का तालाब बहुत सुंदर लग रहा था परंतु गर्मियों में तो यह बिल्कुल.....जाता है।

'दादाजी! आज तो मजा ही आ गया सचमुच सुबह का भ्रमण.....फल देता है।' दादाजी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां बेटा! अब जल्दी घर चलना है। आज तुम्हें अपना हस्तलेख सुधारने के लिए .....भी तो लिखना है।'

'जी! अब तक तो मम्मी ने मेरी पसंद का टमाटर.....भी तैयार कर दिया होगा।'

## रंग भरो-147

रंग भरो-147 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




लक्ष्य, रोहतक


आराध्य, बिलासपुर


अंकित, धमतरी


अंजलि, फरीदाबाद


पलक, धमतरी


सुयश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दैविक-रोहतक, कल्पित-रोहतक, आर.विद्या-रायपुर, जतिन-जींद, योगेश-जबलपुर, धीरज-महासमुंद, मीरा-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रौनक-जांजगीर, कविता-भोपाल, शिवेश-दिल्ली, अनंता-बस्तर, पीहू-गुना, प्रशांत-करनाल, ज्योति-कोरबा


## रंग भरो 148



बच्चों, यहां पर लकड़ी के एक लट्ठे पर बैलेंस बनाकर चलते हुए एक बच्चे और बच्ची का चित्र दिया गया है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## रास्ता खोजो

बच्चों, दिए गए चित्र में कुछ फल दिखाई दे रहे हैं। जिन्हें (A)राजू, (B)पिंकी और (C)सोनू खाना चाहते हैं। तुम्हें सही रास्ता खोजकर यह बताना है कि ये फल किसके हैं?



## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तोल सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** अवैध हथियार रखने वालो पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की एबीवीटी टीम ने गांव खेदड़ से एक व्यक्ति को काबू कर अवैध पिस्तौल बरामद किया है। मुख्य सिपाही राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर गांव खेदड़ पीर बाबा के पास से गांव के ही सूरज उर्फ पाड़ी को गिरफ्तार किया। उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध पिस्तोल बरामद हुआ। पुलिस ने पिस्तोल कब्जे में लेकर उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने किरमारा गांव मंदिर से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो आरोपियों कुलेरी निवासी अभिमन्यु व मनप्रीत सिंह उर्फ मोंटी को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही मनदीप ने बताया कि इस संबंध में काजला गांव निवासी सोनू की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था, जिस पर कारवाई करते हुए दो ने आरोपियों अभिमन्यु और मनप्रीत सिंह उर्फ मोंटी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की एबीवीटी टीम ने चोरीशुदा मोटरसाइकिल पहले ही बरामद कर लिया था।

### बुलेट चोरी के केस में एक को काबू किया

**हिसार।** एचएयू चौकी पुलिस ने प्रेम नगर से बुलेट मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दुर्जनपुर गांव निवासी पंकज को गिरफ्तार किया है। एएसआई मेनपाल ने बताया कि आरोपी ने 12 फरवरी को कुम्हार धर्मशाला प्रेम नगर के बराबर वाली गली से बुलेट चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा बुलेट मोटरसाइकिल बरामद कर लिया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक आज

**हिसार।** संयुक्त किसान मोर्चा की मीटिंग शुक्रवार को लघु सचिवालय के बाहर चल रहे धरना स्थल पर होगी। मोर्चा के नेता सरदानंद राजली ने बताया कि इसमें 23 मार्च को उपायुक्त तथा मोर्चा के प्रतिनिधियों की सौहार्दपूर्ण हुई बैठक को लेकर धरने से संबंधित योजना बनाई जाएगी। मीटिंग में विचार-विमर्श करके आगामी फैसले लिए जाएंगे। बता दें कि मुआवजे, बीमा क्लेम समेत किसानों की अन्य मांगों को लेकर लघु सचिवालय के सामने पिछले 3 माह से धरना जारी है।

### बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

**उकलाना।** एचएसईबी वर्कर यूनियन ने सब यूनिट उकलाना प्रधान नोवा सिंह नैन के नेतृत्व में बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने बिजली निगम एसडीओ के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों ने ऐलान किया कि जब तक एसडीओ उनकी मांगों को पूरा नहीं करते हैं, प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर सह सचिव सोनू चाहार, मोनूदीन, अनिल कुमार, जयसिंह, कुलदीप, प्रदीप, कुलदीप कुमार, धर्मपाल फौजी आदि मौजूद थे।

### आज सिरसा अनाज मंडी बंद का ऐलान

# आढ़तियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर जताया रोष

आढ़तियों ने नारेबाजी करते हुए सरकार के खिलाफ रोष जताया और मांगों को जल्द पूरा करने की अपील की।


सिरसा। आढ़तियों के धरने में पहुंचे भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा व अन्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸। सिरसा

सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से करने तथा गेहूं पर पूरी दामी देने की मांग पर आढ़तियों द्वारा शुरू किया गया धरना-प्रदर्शन आज चौथे दिन भी जारी रहा। मार्केट कमेटी कार्यालय के आगे चल रहे धरने-प्रदर्शन में उपस्थित आढ़तियों ने नारेबाजी करते हुए सरकार के खिलाफ रोष जताया और अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की अपील की। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान मनोहर मेहता की अध्यक्षता में चल रहे धरना प्रदर्शन में आज कॉटन एसोसिएशन हरियाणा ने अपना समर्थन दिया है। कॉटन एसोसिएशन के हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष सुशील मित्तिल, जिलाध्यक्ष पवन गांधी, गर्ग कॉटन से अमर गर्ग, गणपति कॉटन सहित अन्य कॉटन मिल के मालिक धरनास्थल पर पहुंचे और आढ़तियों की मांग को जायज बताते हुए उन्हें जल्द पूरा करने की मांग की। उधर आज भाजपा नेताओं ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर आढ़तियों से बात की। आज सुबह सीएम के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा, मक्खन सिंगला, गुरदेव सिंह राही, अमन चोपड़ा, शीशपाल कंबोज सहित अन्य नेता धरना स्थल पर आढ़तियों के बीच पहुंचे। गोकुल सेतिया ने भी धरनास्थल पर पहुंचकर आढ़तियों को समर्थन दिया। धरना प्रदर्शन में बोलते हुए प्रधान मनोहर मेहता ने कहा कि सरकार आढ़तियों के साथ ज्यादती कर रही है और उनके कारोबार को बंद करने के लिए विभन्नि हथकंडे अपना रही है।

#### लाखों मुनीम मजदूर बेरोजगार हो जाएंगे

उन्होंने कहा की काफी वर्षों से किसान, आढ़ती और मजदूर के रिश्ते को तोडने का सरकार प्रयास कर रही है। यदि आढ़त का काम बंद हो गया तो हरियाणा के 25 हजार आढ़ती और उनके साथ साथ लाखों मुनीम मजदूर भी बेरोजगार होकर अपने घरों को बैठ जायेंगे। प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ जाएगी। धरने-प्रदर्शन में एसोसिएशन के उपप्रधान प्रेम बजाज, सचिव दीपक मत्तिल, कोषाध्यक्ष कुणाल जैन, सह सचिव महावीर शर्मा, सुशील कस्वां, बाबा रामदास, चिमन मोंगा, धर्मपाल जिंदल, हनीश गर्ग, अंकित अरोड़ा, संजय जैन, नरेंद्र धींगड़ा, सरदार प्रकार सिंह, राजेंद्र नंबरदार, सुधीर ललित, कृष्ण गोयल, हन्नी अरोड़ा, धर्मपाल मेहता, गुरजंट सिंह सहित बड़ी संख्या में आढ़ती मौजूद थे।

# यज्ञ के साथ नए सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸। फतेहाबाद


फतेहाबाद। आर्यभट्ट स्कूल में नए सत्र पर आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

बीघड़ रोड स्थित आर्यभट्ट हाई स्कूल में नए सत्र के शुभारंभ और हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन कमेटी, स्टॉफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने आहूति डाली। पंडित गगन शर्मा और जितेंद्र शर्मा ने पूरे विधि विधान के साथ यज्ञ संपन्न करवाया। इस अवसर पर उपस्थित स्कूल प्रबंधन कमेटी से केके अरोड़ा ने कहा कि हवन यज्ञ का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इससे जहां पर्यावरण शुद्ध होता हैं वहीं सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। उन्होंने कहा कि पुरातन काल में बिना हवन यज्ञ के कोई शुभ कार्य संपन्न नहीं होता था। इस दौरान विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। स्कूल प्राचार्या दीपिका झांब ने विद्यार्थियों को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर वाइस प्रिंसीपल संतोष तनेजा स्टॉफ सदस्य, कृष्णा, सीमा गेरा, कुलविंद्र कौर, मंजीत, मंजू मदान, नीतू सरदाना, मीना, रितु, रीना, सुमन बिश्नोई, प्रियंका, गोपाल, दशरथ, विकास, गौरव और सभी विद्यार्थियों ने भगवान गणपति, शंकर, पार्वती की पूजा की।

# जिला पुलिस का शराब तस्करों पर शिकंजा

- 6 शराब तस्कर काबू, 135 बोतल अवैध शराब बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▸▸। सिरसा

जिला पुलिस की विभन्नि टीमों ने गस्त के दौरान छह शराब तस्करों को काबू कर उनके कब्जे से 135 बोतल अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए सभी लोगों के खिलाफ संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रानियां थाना पुलिस ने गस्त व चेकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बलविंदर सिंह पुत्र जग्गा सिंह निवासी ओटू को उसी के गांव से काबू कर उसके कब्जे से 45 बोतल नाजायज शराब बरामद की है। रानियां थाना पुलिस ने ही एक अन्य घटना में मुख्तार सिंह निवासी गांव नथोर को उसी के गांव से 15 बोतल देशी शराब के साथ काबू किया है। पुलिस ने गश्त के दौरान धर्मवीर निवासी शमशाबाद पट्टी, सिरसा को 14 बोतल देशी शराब के साथ अनाज मंडी से काबू किया है।

### सरसों की आवक तेज नहीं हो रहा उठान

**हिसार।** जिले की अनाज मंडियों से सरसों की सरकारी खरीद का उठान नहीं होने के कारण किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सरसों की आवक तेज होने और उठान न होने से किसानों को मंडियों में सरसों रखने के लिए जगह की दिक्कत आने लगी है। बालसमंद समेत कई मंडियों में सरसों खुले आसमान के नीचे पड़ी है। ऐसे में मौसम में आए बदलाव के कारण बारिश में किसानों की सरसों के खराब होने का भी डर बना हुआ है। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के नेता अनिल गोरछी ने सरकार से मांग की कि जल्द जल्द से मंडियों से सरसों का उठान करवाएं।

# लोकसभा चुनाव को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸। सिरसा


सिरसा। वर्चुअल बैठक में मौजूद उपायुक्त व अन्य।

आबकारी एवं कराधान आयुक्त हरियाणा अशोक कुमार मीणा ने वीरवार को जिला उपायुक्तों व विभाग के जिला अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक की, जिसमें उन्होंने सभी जिलों में लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र, नष्पिक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से करवाने के लिए अवैध शराब के प्रवाह को पूरी तरह से रोकने संबंधी दिशा-नर्दिेश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस, आबकारी विभाग व जीएसटी विभाग के अधिकारी आपसी तालमेल से कार्यवाही करें तथा अवैध शराब के मूवमेंट पर कड़ी नजर रखें।

जिला नर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने वीसी के बाद अधिकारियों को नर्दिेश दिए कि जिला सिरसा में आबकारी विभाग के अधिकारी पुलिस के साथ मिलकर गश्त करें तथा संदग्धि गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने बताया कि जिला में पुलिस द्वारा नाके लगाए गए हैं, इन नाकों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। कहीं भी अवैध शराब बरामद होती है तो संबंधित जम्मिेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। पंजाब व राजस्थान प्रदेश के साथ लगते रास्तों पर स्थित नाकों पर भी कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि पंजाब व राजस्थान राज्यों के पुलिस एवं डीईटीसी विभाग की टीमों के लगातार संपर्क में रहें और व्हाटद्सएप ग्रुप बनाकर सूचनाएं साझा करें। विभागों की टीमें लगातार नाकों व लिंक रोड पर निगरानी रखें

#### ग्राम सचिव से लगातार बनाए रखें संपर्क

जिला नर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने संबंधित विभागों को नर्दिेश दिए कि वे पंजाब व राजस्थान से लगती सीमा पर बनाए गए नाकों पर विशेष निगरानी रखें। इसके अलावा साथ लगते गांवों के सरपंच, पंच, ग्राम सचिव व नंबरदार से भी लगातार संपर्क बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों की जानकारी लें। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि अगर उन्हें कहीं भी अवैध शराब के संबंध में कोई जानकारी हो तो वे पुलिस विभाग या आबकारी विभाग को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। इसी तरह अगर मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए शराब या कोई अन्य नशीला पदार्थ बांटा जा रहा है तो इसकी भी सूचना तुरंत दी जाए।

# सीताराम बने भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▸▸। फतेहाबाद


फतेहाबाद। विधायक दुड़ाराम और भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा का आभार जताते भाजपा पंचायत राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सीताराम पूनियां।

लोकसभा चुनावों की जोर-शोर से तैयारियों में जुटी भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को मजबूत किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा पंचायत राज प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में जिला संयोजकों की नियुक्तियां की गई है। गांव खजूरी जाटी के सरपंच एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सीताराम पूनियां को भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। सीताराम पूनियां को संगठन में मिली इस अहम जिम्मेवारी से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। जिला संयोजक बनने पर सीताराम पूनियां ने पंचायत राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक हुकमचंद यादव, मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, मोहन लाल बुडोली, डॉ. अर्चना गुप्ता, सुरेन्द्र पुनिया, पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डॉ. पवन सैनी, फतेहाबाद के विधायक चौ. दुड़ाराम, बलदेव सिंह ग्रोहा व अशोक जाखड़ व अनिल सिहाग का आभार जताया है।

## स्वीप अभियान 8 को, एक हजार से अधिक युवा लेंगे वोट डालने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸। फतेहाबाद

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल के मार्गदर्शन में स्वीप अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम 8 अप्रैल को सुबह 10 बजे मनोहर मैमोरियल पीजी कॉलेज, फतेहाबाद में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में एक साथ एक हजार से अधिक छात्र-छात्राएं 25 मई के दिन वोट डालने का संकल्प लेंगे और विभिन्न नेशनल लेवल के विद्यार्थी कलाकारों द्वारा हम सब भारत वासी मिलकर आज कसम खाएं, वोट डालने जाएं-वोट डालने जाएं अभियान अभिनय करेंगे। इस अवसर पर वोटर जागरूकता पर एक लघु नाटिका भी दिखाई जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी ने बताया कि जिले भर में स्वीप गतिविधियों के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय वोटर जागरूकता उत्सव 8 अप्रैल को स्थानीय एमएम पीजी कॉलेज में आयोजित किया जाएगा, जिसमें एक साथ एक हजार से अधिक युवा मानव श्रृंखला बनाएंगे और वोट डालने की शपथ लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर नाटक के माध्यम से देश भर में अपनी कला का लोहा बनाने वाले कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। गीत व संगीत से परिपूर्ण यह कार्यक्रम युवाओं में एक उत्साह भरेगा।

# लोगों को ओरल हेल्थ के बारे किया जागरूक

- जेसीडी डेंटल कॉलेज में वश्वि ओरल स्वास्थ्य सप्ताह सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸। सिरसा



सिरसा। जागरूकता रैली निकालते वद्यिार्थी।

जेसीडी डेंटल कॉलेज में खुश मुंह, खुश शरीर थीम पर वश्वि ओरल स्वास्थ्य सप्ताह का वीरवार को समापन हुआ। इस अवसर पर वद्यिापीठ के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा मुख्यातिथि थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य डॉ. अरिंदम सरकार ने की।

इस कार्यक्रम में बीडीएस के छात्रों, प्रशक्षिुओं व स्नातकोत्तर छात्रों के साथ-साथ संकाय सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. ढींडसा ने कहा वश्वि ओरल स्वास्थ्य सप्ताह मनाना एक सराहनीय कदम है जिसमें लोगों को दांतों और मुंह के स्वास्थ्य के महत्व को समझाया गया। इस सप्ताह के दौरान विशेषज्ञों द्वारा लोगों को स्वस्थ आहार, दांतों की सही देखभाल और मुंह की स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया ताकि इससे उनकी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन आ सके। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ मुंह रखने से हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है

तथा हम इसको अपनाकर अपने जीवन को स्वस्थ, खुशहाल, और उत्तम बना सकते हैं। प्रिंसिपल डॉ. अरिंदम सरकार द्वारा सभी शिक्षिण संकाय सदस्यों और छात्रों को अपने और अपने रोगियों के बीच ओरल स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए वश्वि ओरल दिवस की शपथ दिलाई गई। दूसरे और तीसरे दिन बीडीएस छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी और नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चौथे दिन ओरल स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए डेंटल कॉलेज के संकाय सदस्यों और छात्रों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया और पोस्टर और नारों के माध्यम से जनता को नर्दिेश दिए गए। पांचवें दिन रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्टूडेंट्स ने हैप्पी माउथ इज हैप्पी बॉडी थीम पर रील बनाईं। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता वद्यिार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### ट्रैक्टर ट्राली व पिकअप की भिड़ंत में घायल

**हांसी।** बरवाला हांसी रोड पर बुधवार देर रात हुई ट्रैक्टर ट्राली व पिकअप गाड़ी की भिड़ंत में पिकअप चालक अमर मार्केट निवासी 40 वर्षीय चिरंजी लाल की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप मामले की जांच आरंभ कर दी है।

मृतक के 13 वर्षीय पुत्र देव ने बताया है कि बुधवार रात को मैं व मेरा पिता चिरंजी लाल अपनी पिकअप गाड़ी में पटियाला से दुकान का समान ले करके हांसी आ रहे थे और रात करीब 11 बजे जब हम बरवाला रोड़ पर घिराये और सिंघवा राघो गांव के बीच पहुंचे तो हमारे आगे एक ट्रैक्टर चालक अपने ट्रैक्टर को तेज गति से चला रहा था।

# भजन मंडली ने मतदान के लिए किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▸▸। सिरसा

लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर जागरूक करने के लिए सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन मंडली टीमें क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर आमजन को वोट बनवाने के साथ ही वोट डालने के लिए प्रेरित कर रही है।

भजन मंडली 'आया लोकतंत्र का त्यौहार, सब खुशी मनावै नर-नारह्लह्ल और ह्यह्यआप जागो औरों को जगाओ, वोट डालने सारे जाओ', आदि गीतों के द्वारा लोगों को जागरूक करने के कार्य में जुटी हुई हैं। इसी कड़ी में वीरवार को भजन मंडली ने जिला के गांव बज्जिुवाली, रिसालियाखेड़ा व जंडवाला में आमजन को वोट बनवाने व मतदान के लिए जागरुक किया।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने वोट का अवश्य सदुपयोग करें। एक मजबूत लोकतंत्र की नींव मताधिकार से ही होती हैं। भारतीय लोकतंत्र में हर 18 वर्ष से अधिक आयु के पात्र नागरिक को वोट का अधिकार दिया गया है। वोट के अधिकार से ही मतदाता अपनी पसंद के प्रत्याशी का चयन कर सकता है।

उन्होंने कहा कि हमें अपने वोट का भुगतान बहुत सोच-समझ कर करना चाहिए। किसी भय, जाति, संप्रदाय, वर्ग, लोभ व लालच के बगैर अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि शत प्रतिशत मतदान का संदेश अपने आसपास रहने वाले परिवारों को भी दें।

### किसान समिति ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

**हिसार।** संयुक्त किसान संघर्ष समिति बालसमन्द तहसील की बैठक समिति प्रधान सुरेन्द्र आर्य की अध्यक्षता में हुई। बैठक के उपरान्त कमेटी ने नायब तहसीलदार बालसमन्द के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें मुख्यमंत्री को मांगों से अवगत कराया गया।प्रधान सुरेन्द्र आर्य ने कहा कि वर्ष 2024 में ओलावृष्टि से बालसमन्द तहसील के पूरे क्षेत्र में सरसों की फसल खराब हुई है। उन्होंने मांग की कि तहसीलदार द्वारा गिरदावरी करवाकर खराबे का सही आंकलन करके सरकार को भेजा जाए ताकि किसानों की भरपाई हो सके। उपप्रधान विजय भाम्भू ने कहा कि पटवारियों की कमी को पूरा किया जाए। सचिव विरेन्द्र पूनिया ने सरकार से मांग की कि खरीफ 2020 का फसली मुआवजा 2 वर्ष के बाद भी बहुत किसानों के खातों में नहीं डाला गया है।

### सिरसा, ऐलनाबाद, रानियां, कालांवाली क्षेत्रों की हुई बैठक

# भाजपा शासन में स्थापित हुआ सुशासन: तंवर

हरिभूमि न्यूज ▸▸। सिरसा


सिरसा। बैठक को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर।

सिरसा से लोकसभा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने कहा है कि 2014 से पहले सामाजिक सुरक्षा पैंशन 1 हजार रुपए थी और भाजपा ने इसे तीन गुणा करते हुए 3 हजार रुपए किया है। डॉ. अशोक तंवर वीरवार ने एफ ब्लॉक स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठकों को संबोधित किया। यह बैठक पार्टी की जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि हरियाणा में 27 लाख परिवारों को हर माह 5 किलोग्राम मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। 45 लाख परिवारों ने 397 सेवाओं का ऑनलाइन लाभ लिया है। 2014 में लिंगानुपात 871 था जो अब सुधरकर 933 हो गया है। भाजपा सरकार ने 5 लाख 50 हजार वद्यिार्थियों को टेबलेट्स दिए हैं। 19 लाख 50 हजार किसानों को 4645 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया गया है और हरियाणा देश का इकलौता ऐसा राज्य है जहां किसानों की 14 फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हैं। प्रधानमंत्री स्वामीत्व योजना के अंतर्गत 25 लाख परिवारों को उनके मकान एवं जमीन का मालिकाना हक दिया गया है। डा. अशोक तंवर ने कहा कि केंद्र सरकार का 10 वर्ष का कार्यकाल मुख्य रूप से सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। भारतीय जनता पार्टी सेवा ही संकल्प के मंत्र के साथ जन कल्याण के कार्य में लगी है।

#### योजनाओं की जानकारी दी

उन्होंने सरकार की ओर से किसानों के उत्थान के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वे एकजुट होकर चुनावी तैयारी में जुट जाएं। जनता फिर से देश में भाजपा सरकार चाहती है। तंवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बुलंद इरादों व हौंसलों से पाकिस्तान सरीखे देशों को कड़ा सबक सिखाया है। भारत को दुनिया की बड़ी ताकत बनाया। उन्होंने कहा कि अब भारत विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। भाजपा उम्मीदवार डा. अशोक तंवर ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, लोगों को बरगलाने का प्रयास किया जाता है, लेकिन देश की जागरूक जनता भाजपा को फिर से सत्ता में लाने के लिए आतुर है।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने ली मताधिकार के प्रयोग की शपथ

**सिरसा।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वीरवार को जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा स्थानीय राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि जिन छात्राओं का वोटर कार्ड बना हुआ है वे छात्राएं आने वाली 25 मई को अपने मत का प्रयोग अवश्य करें।

### हवन यज्ञ के साथ नए सत्र की हुई शुरुआत

**भूना।** आदर्श भारती इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को हवन यज्ञ एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नए सत्र की शुरुआत की गई। हवन यज्ञ कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंध निदेशक सुभाष बिश्नोई, चेयरमैन राजेश खिचड़ व मंजू मंडा तथा साहिल बिश्नोई एवं सभी स्टाफ सदस्यों पूर्ण आहुति दी। प्रिंसिपल कृष्ण धारणिया भी मौजूद रहे।

### विकलांग अधिकार मंच ने सौंपा मांग पत्र

**रतिया।** विकलांग अधिकार मंच के सदस्य अपनी परेशानियों को लेकर जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार गोयल के नेतृत्व में उपायुक्त से मिले और मांग पत्र सौंपा। सुरेन्द्र गोयल ने बताया कि आए दिन विकलांगों को परिचालकों की मनमानी का शिकार होना पड़ रहा है। विकलांगों को बस में सफर करते हुए बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### सीएम का रतिया पहुंचने पर होगा जोरदार स्वागत

**रतिया।** शुक्रवार 5 अप्रैल को होने वाली मुख्यमंत्री नायब सैनी की रैली को लेकर, सैनी समाज की मीटिंग गुरु नानक गौशाला में हुई। बैठक में सैनी समाज के लोगों द्वारा मुख्यमंत्री नायब सैनी को सम्मानित करने व मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार रतिया पहुंचने पर स्वागत को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। इस मौके पर नगर पालिका के पूर्व प्रधान जसपाल सिंह सैनी व पूर्व एसडीओ भूपेंद्र सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।

### डूल्ट में सुखमनी साहिब का पाठ का आयोजन

**भूना।** श्री गुरु नानक कॉन्वेंट स्कूल, डूल्ट में गुरूवार को स्वर्गीय कैप्टन रत्न सिंह गिल, सेना मेडलिस्ट के आशीर्वाद व विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर रणजीत सिंह गिल तथा अकैडमिक डायरेक्टर धर्मपाल गोयल के मार्गदर्शन में सुखमनी साहब का पाठ व लंगर प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों, बच्चों व श्रद्धालुओं ने सुखमनी साहब का पाठ श्रवण करने के बाद पंगत में बैठकर लंगर ग्रहण किया।

### जोड़ा बने चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक

**फतेहाबाद।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं सह संयोजक विधि प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा, एडवोकेट प्रवीन जोड़ा को लोकसभा चुनावों को देखते हुए चुनाव प्रबंधन समिति सिरसा लोकसभा का संयोजक नियुक्त किया है, जबकि सिरसा निवासी मुकेश मेहता को सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। अपनी नियुक्ति पर एडवोकेट प्रवीन जोड़ा ने मुख्यमंत्री व प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति प्रमुख सुभाष बराला, लोकसभा प्रभारी का आभार जताया।

### विद्यार्थियों को बताया मतदान का महत्व

सिरसा। जिला नर्विाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह के आदेशानुसार व स्वीप के नोडल अधिकारी एवं अतिरक्ति उपायुक्त डा. विवेक भारती के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वीप मास्टर ट्रेनर नरेश कुमार ग्रोवर को राजकीय वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय सूचान में स्टॉफ सदस्यों व वद्यिार्थियों को मतदान का महत्व बताया और मतदाता जागरुकता अभियान में सहयोग का आह्वद्दान किया।

## हिसार व करनाल सेंट्रल वर्कशॉप बंद की गई तो होगा बड़ा आंदोलन

# वर्कशॉप बंद करने के खिलाफ सड़कों पर उतरे रोडवेज कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सेंट्रल वर्कशॉप हिसार व करनाल बंद करने के निर्णय के खिलाफ हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर रोडवेज कर्मचारियों ने वीरवार को फतेहाबाद में रोष प्रदर्शन किया। यहां सांझा मोर्चा नेता व डिपो प्रधान शिवकुमार श्योराण, संदीप जांडली, विजय नागपुर, सतेंद्र, अशोक सिहाग व रामस्वरूप टांडी की अध्यक्षता में गेट मीटिंग की गई। मंच का संचालन सुबेसिंह धनाणा ने किया।

इसके बाद कर्मचारियों ने महाप्रबंधक के माध्यम से महानिदेशक को ज्ञापन भेजा गया। कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए सांझा मोर्चा नेता शिवकुमार श्योराण, सुभाष बिश्नोई ने कहा करनाल व हिसार सेंट्रल वर्कशॉप में ईंजन मुरम्मत कार्य, पम्प कार्य व टायर रिसोल कार्य की समीक्षा बारे एक कमेटी का गठन किया हैं। सांझा मोर्चे ने सूत्रों से पता चला हैं कि गठन कमेटी कुछ सीमित समय को आधार मानकर दोनों वर्कशॉपो को बंद करने की सिफारिश करने जा रही हैं, जिसका सांझा मोर्चा विभाग हित मे विरोध करता हैं। क्योकि दोनों वर्कशॉपों में कार्य करने की कुशलता व गुणवत्ता बहुत अच्छी हैं और प्राइवेट कम्पनी से कही बेहतर हैं। इसके अलावा एचआरईसी गुरुग्राम से नई 500 बसों की बॉडी निर्मित न करवा करके किसी अन्य प्राइवेट कम्पनी में बसों की बॉडी निर्मित करवाने की योजना बनाई जा रही हैं। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के निर्णय अनुसार आज डिपो के महाप्रबंधक के माध्यम से ज्ञापन भेजकर मांग की गई विभाग हित में करनाल, हिसार में इंजन, पंप मुरम्मत कार्य व टायर रोसोल का कार्य गुणवता व कार्य की कुशलता को देखते हुए पूर्व की भांति करवाया जाए।



**फतेहाबाद।** वर्कशॉप बंद करने के निर्णय के खिलाफ प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मचारी।

### ये बोले कर्मचारी

एचआरईसी गुरुग्राम में बस बॉडी निर्मित कार्य की गुणवत्ता प्राइवेट कम्पनी से कही बेहतर हैं, इस लिए नई बसों की बॉडी निर्मित कार्य एचआरईसी गुरुग्राम से ही करवाई जाए। विभाग को राजस्व हानि व आम जनता परिवहन सेवा से वंचित न रहना पड़े, इसलिए रात्रि ठहराया सम्बंधित जारी आदेश पत्र को तुरन्त वापिस लिया जाए। इस मौके पर कर्मचारी नेता नरेश कुमार, सुबेसिंह धनाणा, विनोद यादव, अनिल भाटिया, राजकुमार बिघड़, विरेंद्र कुलेरी, इंद्रपाल सहारण, रामस्वरूप आदि नेताओं ने सरकार की निजीकरण की नीति का विरोध किया।


**फतेहाबाद।** रोडवेज महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपते सांझा मोर्चा के सदस्य।

## फतेहाबाद पुलिस ने जिले भर में निकाला फ्लैग मार्च



**फतेहाबाद।** लोकसभा चुनावों को लेकर फतेहाबाद पुलिस द्वारा टोहाना, जाखल व रतिया में उपपुलिस अधीक्षक शमशेर सिंह, संजय कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस व आरएएफ के सैंकड़ों जवानों ने शहर के विभिन्न हिस्सों व बाजारों में फ्लैग मार्च निकाला और नागरिकों से शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया में सहयोग की अपील की। डीएसपी टोहाना शमशेर सिंह ने थाना प्रभारी शहर टोहाना व थाना प्रभारी सदर टोहाना व थाना प्रभारी जाखल के साथ पुलिस बल व आरएएफ बल को साथ लेकर टोहाना शहर से गांव दमकौर, कुदनी, उदयपुर, जाखल गांव व शहर, तलवाडा, म्योंद, धारसूल, कुलां, आकावाली व जमालपुर से होते हुए टोहाना तक फ्लैग मार्च किया। दूसरी तरफ डीएसपी रतिया संजय कुमार ने एसडीएम रतिया जगदीश चन्द्र, थाना प्रभारी शहर रतिया व थाना प्रभारी सदर रतिया के साथ रत्ताखेड़ा, तामसपूरा, चनकोठी, खुम्बर, खुनण, नागपुर, हुक्मावाली, अलीका, कलोठा, अलालवास, लाली व दादूपुर से होते हुए रतिया तक फ्लैग मार्च किया।

## वन स्टॉप प्लेटफॉर्म पर एक क्लिक में जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

लोकसभा आम चुनाव के दौरान गलत सूचना के प्रचार-प्रसार से निपटने और चुनावी प्रक्रिया की गरिमा व अखंडता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मिथ और रियलिटी पर आधारित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म मिथ वीएस रियलिटी रजिस्टर लॉन्च किया है। यह एक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है, जो भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जनता के लिए उपलब्ध है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बताया कि मिथ वीएस रियलिटी रजिस्टर चुनाव अवधि के दौरान प्रसारित मिथक जानकारियां और झूठी खबरों को दूर करने के लिए तथ्यात्मक जानकारी के एक व्यापक भंडार के रूप में कार्य करेगा। इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल प्रारूप में डिजाइन किया गया है, जो व्यापक रूप से ईवीएम/वीवीपीएटी, मतदाता सूची/मतदाता सेवाओं, चुनावों के संचालन और अन्य विषयों से संबंधित मिथक जानकारियों और गलत सूचनाओं के क्षेत्रों को कवर करता है। यह रजिस्टर पहले से ही उजागर चुनाव संबंधी फर्जी जानकारी, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले मिथकों पर नजर रख रहे है।

# कार्यशाला में कई मुद्दों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल वश्विवद्यिालय के यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज के डीन प्रो. सुशील कुमार और वाणज्यि एवं प्रबंधन संकाय के डीन प्रो. सुरिंदर सिंह की पहल पर वत्तिीय साक्षरता विषय पर वाणज्यि विभाग और यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज, सीडीएलयू द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे अमन शर्मा ने यूएसजीएस के बीकॉम छात्रों को वत्तिीय बाजार और विदेशी मुद्रा व्यापार का ज्ञान प्रदान किया। उन्होंने विदेशी मुद्रा बाजार में व्यापार के बारे में अपने अनुभव और ज्ञान को साँझा किया। उन्होंने वद्यिार्थियों को अध्ययन के दौरान विदेशी मुद्रा बाजार और मुद्रा व्यापार के माध्यम से पैसा कैसे कमा सकते हैं, इस बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि कैसे छात्रों को अकादमी के माध्यम से विदेशी मुद्रा बाजार में प्रशिक्षिण मिलता है। इस कार्यशाला से बी कॉम के छात्रों को मुद्रा बाजार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

इस अवसर पर प्रो सुरिंदर सिंह, प्रो सुशील कुमार, भारत भूषण, कुलजीत सिंह और अकादमी की टीम व यूएसजीएस के वाणज्यि विभाग के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।


**सिरसा।** कार्यशाला को वद्यिार्थियों को संबोधित करते अमन शर्मा।

# आईआरबी को जिला पुलिस में विलय पर हाईकोर्ट के संज्ञान लेने पर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

इंडियन रिजर्व बटालियन (आईआरबी) के जवानों का हरियाणा पुलिस में विलय सम्बंधी याचिका पर पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा कड़ा संज्ञान लेने से आईआरबी जवानों को राहत देने का काम किया है।

### ये था मामला

हाईकोर्ट के इस कदम पर आईआरबी जवान सतबीर गुज्जर ने हाईकोर्ट का आभार जताया है। बता दें कि सरकार ने आईआरबी जवानों का हरियाणा पुलिस में विलय करने का निर्णय लिया था। इस निर्णय के बावजूद विलय के लिए नियम तैयार नहीं होने व विलय का काम पूरा न होने के चलते वरिष्ठता को लेकर विवाद हो गया था।



इसके बाद डीजपी ने कमेटी गठित कर नियम बनाने का आदेश दिया था। सतबीर गुज्जर ने बताया कि आईआरबी के जवानों का हरियाणा पुलिस में विलय करने के लिए जारी आदेश को पांच साल बीत जाने के बाद भी पालन न होने पर हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को आखिरी मौका दिया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि यदि एक माह में नियमों को अंतिम रूप देकर अधिसूचित नहीं किया गया तो हरियाणा पुलिस की सभी पदोन्नतियों पर रोक लगा दी जाएगी।

### कर्मचारियों की जीत

सतबीर गुज्जर ने कहा कि यह आईआरबी के संघर्ष की जीत है। आईआरबी जवान लंबे समय से इस मांग के लिए संघर्ष कर रहे हैं और सरकार का भी रूख सकारात्मक रहा है, जिसके लिए वे हरियाणा सरकार का भी धन्यवाद करते हैं और उम्मीद करते हैं कि सरकार जल्द ही हाईकोर्ट के आदेशों की पालना करते हुए अधिसूचना जारी कर देगी। सतबीर गुज्जर ने बताया कि एक याचिका का 2019 में निपटारा करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार को 4 माह में आईआरबी का हरियाणा पुलिस में विलय करने के लिए नियम बनाने का आदेश दिया था। तय अवधि बीत जाने के बाद भी आदेश का पालन नहीं किया गया। इस पर 2020 में हाईकोर्ट में अवमानना सम्बंधी याचिका दायर की गई और अभी तक इसकी पालना न होने पर हाईकोर्ट ने तल्ख रवैया अपनाया।

# विद्यार्थी मुकाम तक पहुंचने के लिए करें पढ़ाई: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

पी एम श्री राजकीय वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय ओढ़ा का अतिरक्ति उपायुक्त डा. विवेक भारती ने औचक निरीक्षण किया। वद्यिालय में पहुंचने पर प्राचार्य वक्रिमजीत सिंह ने स्टाफ सहित उनका गहरा स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए वद्यिालय में स्थापित 4 व प्राईमरी स्कूल में स्थापित एक मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। अतिरक्ति उपायुक्त ने प्राचार्य को भारतीय नर्विाचन आयोग के दिशानर्दिेशों के अनुसार मतदान केंद्र्र तैयार होने पर बधाई दी तथा कुछ और आवश्यक दिशानर्दिेश भी दिये। इस निरीक्षण के दौरान विवेक भारती ने वद्यिालय में चल रहे बुनियाद केंद्र का भी अवलोकन किया व वद्यिालय द्वारा वद्यिार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के लिए वद्यिालय प्रशासन की प्रशंसा की। ए डी सी ने वद्यिालय की भौतिक सुविधाओं का भी सूक्ष्म अवलोकन किया और स्टाफ को अध्यापन जैसे पुण्य कार्य को पूरे मन से करने के लिये प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों के शैक्षणिक स्तर को सुधारने हेतु अध्यापकों द्वारा उठाये गये कदमों की जानकारी ली व स्टाफ सदस्यों की पीठ थपथपाई।

# कांग्रेस नेता शर्मा को याद किया

- स्वं होशियारी लाल शर्मा की श्रद्धापूर्वक मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

कांग्रेस नेता स्व. पंडित होशियारी लाल शर्मा की जंयती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। मोहल्ला जंडवाला स्थित कार्यालय में सैकड़ों की संख्या में समर्थकों ने उनके चत्रि पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मोहित शर्मा ने कहा कि वे राजनीति को समाजसेवा का माध्यम मानते थे और ताउम्र वे समाज के वंचित लोगों की आवाज उठाते रहे। वे शासन व प्रशासनिक उपेक्षा के शिकार लोगों की आवाज बने। स्व. होशियारी लाल ने जनसमस्याओं से विमुख कुभंकर्णी नींद सोए प्रशासनिक अधिकारियों को जगाने का काम किया, वहीं सरकार को भी समय समय पर चेताने का काम किया। इस मौके पर हीरालाल शर्मा, राजकुमार शर्मा, राजेश शर्मा, मोहित शर्मा, मुकेश शर्मा, हरीश सोनी, डॉ. आजाद केलनियां, सुभाष मिढा, श्यामलाल वर्मा, सोमप्रकाश चावला, कैलाश कानूनगो, जोगेंद्र नागपाल, रमेश ग्रोवर, जयप्रकाश भोलुसरिया, कृष्ण चेयरमैन,


**सिरसा।** स्व. पंडित होशियारी लाल के चत्रि पर पुष्प अर्पित करते लोग।

# यज्ञ व भंडारे के साथ हुआ श्रीमद्भागवत का समापन


**सिरसा।** हवन यज्ञ में आहुति डालते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य के पाप पुण्य में बदल जाते हैं: योगेंद्र कृष्ण महाराज

शहर की प्राचीन श्री गौशाला में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का वीरवार को वश्रिाम दिया गया। इस अवसर पर गौशाला प्रांगण में हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। कथा व्यास पंडित योगेंद्र कृष्ण महाराज ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुडने और सत्कर्म करने को कहा। कथाव्यास ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथावाचक ने बताया कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन, जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है।

## मतदान का आह्वान भी किया

# चुनाव को लेकर निकाला गया फ्लैगमार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

लोकसभा आम चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने को लेकर सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जगदीश चंद्र व डीएसपी संजय बिश्नोई के नेतृत्व में वीरवार को रतिया शहर व गांवों में फ्लैग मार्च निकाला गया। एसडीएम ने बताया कि चुनाव को निष्पक्ष पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने को लेकर तमाम प्रबंध पूर्ण किए जा चुके हैं। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के लिहाज से पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। एसडीएम व डीएसपी ने चुनाव को लेकर मतदाताओं से अपील कि वे निर्भीक होकर बिना किसी दबाव के 25 मई को अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करें।

उन्होंने फ्लैग मार्च निकालते हुए लोगों को निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने का विश्वास दिलाया तथा शांतिपूर्वक मतदान करवाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन व सुरक्षा बलों द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मतदाता पूरी निडरता के साथ मतदान करें, पुलिस प्रशासन उनके साथ हैं। जहां भी संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं या फिर क्षेत्र हैं, वहां पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा मतदाता मतदान के दिन पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## जागरूक करने को निकाली प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज. रतिया

राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांव खुम्बर में सरकारी स्कूल में छात्रों की संख्या बढ़ाने व मतदाता जागरूक को लेकर स्कूल के बच्चे और अध्यापकगण ने प्रभात फेरी निकाली। इस प्रवेश उत्सव के दौरान शिक्षक घर-घर जाकर अभिभावकों व बच्चों को राजकीय स्कूल में दाखिला लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। साथ में लोगों को अधिक से अधिक वोट करने का संदेश भी दिया और 100 प्रतिशत वोटिंग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों ने अपने हाथ में हर घर में यह दीप जलाओ, अपने बच्चो को सरकारी स्कूल में पढ़ाओ, मम्मी पापा हमें पढ़ाओ सरकारी स्कूल में प्रवेश दिलाओ, हर बच्चे का नारा है शिक्षा अधिकार हमारा है, हम भी सरकारी स्कूल जायेगे देश का मान बढ़ायेगे आदि स्लोगन लिखे हुए थे। इस दौरान हेडमास्टर केवल सिंह, पीटी मदनलाल, कंचन बाला, प्रतिमा, मुरारी लाल, रेनू बाला, इंदु सरदाना, प्रवीण बजाज आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005